Adda247 GET IT ON Google Play

SEAL

Subject Code: **9210/TFU-HIN/ELG-II** **SET - (A)** Question Booklet No. 676833

परीक्षा केन्द्राध्यक्ष की मोहर
Seal of Superintendent of Examination Centre

परीक्षार्थी द्वारा बॉल-प्वाइण्ट पेन से भरा जाए
To be filled in by Candidate by Ball-Point pen only

अनुक्रमांक
Roll No.

उत्तर-शीट का क्रमांक
Sl. No. of Answer-Sheet

**घोषणा : मैंने नीचे दिये गये निर्देश अच्छी तरह पढ़कर समझ लिए हैं।**
**Declaration : I have read and understood the instructions given below.**

वीक्षक के हस्ताक्षर
(Signature of Invigilator)................................

वीक्षक के नाम
(Name of Invigilator)................................

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर
(Signature of Candidate)................................

अभ्यर्थी का नाम
(Name of Candidate)................................

**Paper : II** **Subject : HINDI** **Time : 2 Hours** **Maximum Marks : 200**

**इस प्रश्न-पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या**
**Number of Pages in this Question Booklet** } **20**

**इस प्रश्न-पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या**
**Number of Questions in this Question Booklet** } **100**

## INSTRUCTION TO CANDIDATES

1. Immediately after getting the Booklet read instructions carefully, mentioned on the front and back page of the Question Booklet and do not open the seal given on the right hand side, unless asked by the invigilator. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet. As soon as you are instructed to open the booklet in the first 5 minutes you should compulsorily tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately within 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.
2. Write your Roll No., Answer-Sheet No., in the specified places given above and put your signature.
3. Make all entries in the OMR Answer-Sheet as per the given instructions, otherwise Answer-Sheet will not be evaluated.
4. For each question in the Question Booklet choose only one correct/most appropriate answer, out of four options given and darken the circle provided against that option in the OMR Answer-Sheet, bearing the same serial number of the question. Darken the circle with **Black or Blue ball-point pen** only.
5. Darken the circle of chosen option fully, otherwise answers will not be evaluated.

   **Example :** (A) ● (C) (D) **If (B) is correct answer.**
6. There are 100 objective type questions in this Booklet. All questions are compulsory and carry 2 marks each.
7. Do not write anything anywhere in the Question Booklet or on the Answer-Sheet except making entries in the specified places. Rough work is to be done in the space provided in this booklet.
8. When the examination is over, original OMR Answer Sheet is to be handed over to the invigilator before leaving the examination hall, while the Question Booklet and carbon copy of the Answer-Sheet can be retained by the candidate.
9. There is no negative marks for incorrect answer.
10. Use of any calculator/log table/mobile phone is prohibited.

## अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

1. प्रश्न-पुस्तिका मिलते ही मुख पृष्ठ एवं अंतिम पृष्ठ में दिए गए निर्देशों को अच्छी तरह पढ़ लें। दाहिनी ओर लगी सील को वीक्षक के कहने से पूर्व न खोलें। स्टीकर सील के बगैर प्रश्न पुस्तिका या खुले हुये प्रश्न पुस्तिका को स्वीकार न करें। प्रश्न पुस्तिका को खोलने के लिए जैसा ही कहा जायेगा प्रथम 5 मिनिट में अनिवार्यत: मुख पृष्ठ पर अंकित पृष्ठों की संख्या एवं प्रश्नों की संख्या को पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या एवं प्रश्नों की संख्या से मिलान कर लेवें। पृष्ठों/प्रश्नों का छूटना या पुन: मुद्रित हो जाना या क्रम में नहीं रहना या अन्य किसी विरोधाभास के कारण प्राप्त त्रुटिपूर्ण प्रश्न पुस्तिका को इन्हीं 5 मिनिट के अंदर बदलवा लेवें। इसके पश्चात न ही प्रश्न पुस्तिका बदला जा सकता है और न ही कोई अतिरिक्त समय दिया जायेगा।
2. ऊपर दिए हुए निर्धारित स्थानों में अपना अनुक्रमांक, उत्तर-पुस्तिका का क्रमांक लिखें तथा अपने हस्ताक्षर करें।
3. ओ.एम.आर. उत्तर-शीट में समस्त प्रविष्टियां दिये गये निर्देशानुसार करें अन्यथा उत्तर-शीट का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।
4. प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु प्रश्न-पुस्तिका में प्रश्न के नीचे दिए गए चार विकल्पों में से सही/सबसे उपयुक्त केवल एक ही विकल्प का चयन कर ओ.एम.आर. उत्तर-शीट में उसी विकल्प वाले गोले को, जो उस प्रश्न के सरल क्रमांक से सम्बंधित हो, **काले या नीले बॉल-प्वाइण्ट पेन** से भरें।
5. सही उत्तर वाले गोले को अच्छी तरह से भरें, अन्यथा उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा।

   **उदाहरण :** (A) ● (C) (D) **यदि (B) उत्तर सही है।**
6. प्रश्न-पुस्तिका में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। सभी प्रश्न अनिवार्य है।
7. प्रश्न-पुस्तिका तथा उत्तर-शीट में निर्दिष्ट स्थानों पर प्रविष्टियां भरने के अतिरिक्त कहीं भी कुछ न लिखें। रफ कार्य, इस पुस्तिका में उपलब्ध स्थान पर करें।
8. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त तथा कक्ष छोड़ने के पूर्व मूल ओ.एम.आर. उत्तर-शीट वीक्षक को सौंपा जाए। प्रश्न-पुस्तिका एवं उत्तर-शीट की कार्बन कॉपी परीक्षार्थी अपने साथ ले जा सकते हैं।
9. गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं किया जावेगा।
10. किसी भी तरह के कैलकुलेटर/लॉग टेबल/मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित है।



SEAL



Test
Prime
By Adda247
ALL EXAMS,
ONE SUBSCRIPTION
Test. Analyze. Improve. Repeat.
Don't just prepare. Perform.
Test Prime — built only for mock tests.
1,50,000+
Mock Tests
25,000+
Previous Year Papers
800+
Exam Covered
500% Refund
on Selection
5 lakh+
Free Quizzes
PDF
Daily
Free PDFs
Job Alerts
Stay Updated
• Multilingual
• Detailed Solution
• Strong and Weak Areas
All India
Rankings
Compete with lakhs.
Rank. Improve. Repeat.
2
1
3
Adda247 test prime
Rating
Editors' choice
New
Test
Prime
By Adda247
Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed
DOWNLOAD THE APP

Adda247

GET IT ON Google Play

# हिन्दी - II

1. निम्नलिखित रचनाओं को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Of Grammatology (ऑफ ग्रामाटोलॉजी) | (i) | फ्रेडरिक जेम्सन |
| (b) | Symbolic Exchange of death (सिम्बॉलिक एक्सचेंज ऑफ डेथ) | (ii) | मिखाइल फोकाल्ट |
| (c) | The Archaeology of Knowledge and The Discourse on Language (द आर्कीयोलॉजी ऑफ नॉलेज एण्ड द डिस्कोर्स ऑन लेंग्वेज) | (iii) | जीन बौड्रिलार्ड |
| (d) | Post Modernism or The Cultural Logic of Late Capitalism (पोस्ट मॉडर्निज्म आर द कल्चरल लॉजिक ऑफ लेट केपिटलिज्म) | (iv) | जैक देरिदा |
| | | (v) | आर्नल्ड टायनबी |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (v) | (ii) |
| (B) | (ii) | (v) | (i) | (iv) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (v) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

2. निम्न में से कौन-सा आत्मकथा **नहीं** है ?
(A) आत्मनिरीक्षण
(B) साधना के पथ पर
(C) उत्तरयोगी
(D) सिंहावलोकन

3. निम्नलिखित कहानियों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार सही अनुक्रम बताइए :
(A) इंदुमती, प्लेग की चुड़ैल, ग्यारह वर्ष का समय, दुलाई वाली
(B) प्लेग की चुड़ैल, दुलाई वाली, इंदुमती, ग्यारह वर्ष का समय
(C) दुलाई वाली, इंदुमती, ग्यारह वर्ष का समय, प्लेग की चुड़ैल
(D) ग्यारह वर्ष का समय, प्लेग की चुड़ैल, दुलाई वाली, इंदुमती

4. "हिन्दी की अनेक आत्मकथाओं से तुलसी राम की आत्मकथा में एक विशेषता यह है कि दलित की आत्मकथा होने के नाते केवल उनके व्यक्तित्व के निर्माण और विकास की आत्मकथा न होकर उनके समुदाय के जीवन में मौजूद गरीबी, अशिक्षा, अंधविश्वास, यातना, अपमान और जीवन जीने की लालसा की कथा भी है।"– यह कथन किस समीक्षक का है ?
(A) सुधीश पचौरी
(B) मैनेजर पांडेय
(C) निर्मला जैन
(D) रामचंद्र वर्मा

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247
GET IT ON Google Play

5. निम्नलिखित में घनानंद द्वारा रचित पंक्तियाँ है :

(a) जा थल कीन्हे विहार अनेकन ता थल कांकरी बैठि चुन्यौ करैं।

(b) अंक भरौं चकि चौंकि परौं कणहुक लरौं छिनही में मनाऊँ।

(c) का करियै तुम्हरे मन कौ जिनकौ अण लौं न मिटी दगा दीबौ।

(d) त्यौं इन आँखिन बसि अनौखी अधानि कहूँ नहिं आन तिहारियै।

(e) बुधि औ सुधि नैननि बेननि में करि बास निरन्तर अन्तर गौ।

कूट :

(A) (a), (b), (d)

(B) (b), (d), (e)

(C) (b), (c), (d)

(D) (a), (c), (e)

6. 'विचार और वितर्क' के रचनाकार है :

(A) विद्यानिवास मिश्र

(B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(C) बालकृष्ण भट्ट

(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

7. सर्वप्रथम किस कवि ने खड़ी बोली को काव्य की भाषा बनाया ?

(A) जोइन्दू

(B) स्वयंभू

(C) धर्मपाल

(D) अमीर खुसरो

8. 'समष्टि में भी व्यष्टि रहती है। व्यक्तियों से ही जाति बनती है।' यह संवाद किसके मध्य का है ?

(A) देवसेना - देवकी

(B) देवसेना - विजया

(C) देवसेना - जयमाला

(D) देवसेना - रामा

9. 'सुन्हैरी' शब्द किस बोली का है ?

(A) खड़ी बोली

(B) हरियाणवी

(C) ब्रज

(D) बुन्देली

10. **स्थापना (A) :** श्रद्धा-भक्ति और प्रेम आध्यात्मिक चिंतन की विभिन्न दशाएँ हैं।

**तर्क (R) :** क्योंकि श्रद्धा-भक्ति और प्रेम के बिना आध्यात्मिक चिंतन संभव नहीं है।

(A) **(A)** सही, **(R)** गलत

(B) **(A)** गलत, **(R)** सही

(C) **(A)** सही, **(R)** सही

(D) **(A)** गलत, **(R)** गलत

11. 'किसी में प्रतिभा होने पर ही वह श्रेष्ठ काव्य या रचना रच सकता है।' किस आचार्य का कथन है ?

(A) आचार्य आनंदवर्धन

(B) आचार्य राजशेखर

(C) आचार्य जगन्नाथ

(D) आचार्य हेमचंद्र

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247

Adda247

GET IT ON Google Play

12. "अमिय, हलाहल, मदभरे, सेत, स्याम रतनार। जियत, मरत, झुकि-झुकि परत, जेहि चितवत इक बार।।

- इस दोहे के रचनाकार हैं :

(A) बिहारीलाल

(B) तोषनिधि

(C) देव

(D) रसलीन

13. हिन्दी के पहले पत्र 'उदन्त-मार्तंड' की पहली संख्या कब प्रकाशित हुई ?

(A) 16 जनवरी सन् 1826 ई.

(B) 16 फरवरी सन् 1826 ई.

(C) 30 अप्रैल सन् 1826 ई.

(D) 30 मई सन् 1826 ई.

14. 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक में निहित संघर्ष है :

(A) आंतरिक संघर्ष

(B) सांस्कृतिक संघर्ष

(C) राजनैतिक संघर्ष

(D) बाह्य संघर्ष

15. इनकी कहानियों में जीवन के यथार्थ की अपेक्षा प्रेम, त्याग, करुणा और दार्शनिकता की प्रधानता है :

(A) प्रेमचंद

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) जैनेन्द्र

(D) सुदर्शन

16. इनमें से 'स्कंदगुप्त' नाटक का पात्र **नहीं** है :

(A) मातृगुप्त

(B) बंधुल

(C) मुद्गल

(D) धातुसेन

17. **स्थापना (Assertion) (A) :**

"काव्य का आनंद संसार-निरपेक्ष तो नहीं होता किन्तु लौकिक से इस बात में भिन्न होता है कि व्यक्तिगत रहते हुए भी वह क्षुद्र स्वार्थों से ऊँचा उठा हुआ होता है।"

**तर्क (Reason) (R) :**

कवि की अपनी दुनिया होती है। उसका हृदय जन-साधारण के हृदय के साथ स्पंदित नहीं होता।

**कूट :**

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(B) **(A)** गलत, **(R)** सही

(C) **(A)** सही, **(R)** गलत

(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

18. निम्नलिखित में से कौन-कौन सी रचनाएँ दलित विमर्श से संबंधित हैं ?

(a) धरती धन न अपना

(b) नाच्यो बहुत गोपाल

(c) पीली आँधी

(d) शिकंजे का दर्द

**सही विकल्प चुनिए :**

(A) (a), (c), (d)

(B) (b), (c), (d)

(C) (a), (b), (c)

(D) (a), (b), (d)

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247

GET IT ON Google Play

19. निम्नांकित निबंधों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | श्रीमान का स्वागत | (i) | विवेकी राय |
| (b) | सच्ची वीरता | (ii) | हजारी प्रसाद द्विवेदी |
| (c) | गाँव पर बनाम गाँव में | (iii) | बालकृष्ण भट्ट |
| (d) | घर जोड़ने की माया | (iv) | नामवर सिंह |
| | | (v) | अध्यापक पूर्ण सिंह |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (v) | (i) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iv) | (v) | (i) |
| (C) | (v) | (iii) | (i) | (ii) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

20. संस्कृत काव्यशास्त्रीय परंपरा में आदि आचार्य किन्हें माना जाता है ?

(A) विश्वनाथ
(B) भरतमुनि
(C) जगन्नाथ
(D) कुंतक

21. ''अंगीकरोति यः काव्य शब्दार्थान नलंकृती।
असौ न मन्यते कस्मादनुष्णमनलंकृती।''

(A) डॉ. नगेन्द्र
(B) अभिनव गुप्त
(C) भरतमुनि
(D) जयदेव

22. डॉ. रामविलास शर्मा ने नवजागरण के लिए आवश्यक माना है :

(a) विद्रोह
(b) भय
(c) जातीय चेतना
(d) लोक चेतना

**कूट :**

(A) (a), (c)
(B) (b), (d)
(C) (a), (b)
(D) (c), (d)

23. नवजागरण का सबसे अधिक प्रभाव किस साहित्य पर पड़ा है ?

(A) बंगला साहित्य
(B) मराठी साहित्य
(C) गुजराती साहित्य
(D) असमिया साहित्य

24. निम्नलिखित रचनाओं में कुबेरनाथ राय की रचनाओं वाले **सही** विकल्प का चयन कीजिए :

(a) पर्णमुकुट
(b) मन पवन की नौका
(c) आंगन के बंधनवार
(d) महाकवि की तर्जनी

**कूट :**

(A) (b), (c), (d)
(B) (a), (b), (d)
(C) (a), (b), (c)
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247

GET IT ON Google Play

25. स्थापना (Assertion) (A) : हिंदी साहित्य के इतिहास ग्रंथों में फोर्ट विलियम कॉलेज की भूमिका का अधूरा मूल्यांकन ही दिखाई देता है।

तर्क (Reason) (R) : क्योंकि फोर्ट विलियम कॉलेज से संबंधित सामग्री की जानकारी का अभाव है या फिर विचारधारात्मक आग्रहों से युक्त इतिहास लेखन यानी उन्हीं तथ्यों का चुनाव जिससे अपने आग्रह को प्रतिष्ठा दी जा सके।

कुट :

(A) (A) सही, (R) सही

(B) (A) गलत, (R) सही

(C) (A) सही, (R) गलत

(D) (A) गलत, (R) गलत

26. निम्नलिखित उपन्यासकारों को उनकी कृतियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | श्री लाल शुक्ल | (i) | हुजूर दरबार |
| (b) | गोविंद मिश्र | (ii) | लड़कियां |
| (c) | ममता कालिया | (iii) | बिश्रामपुर का संत |
| (d) | सूर्यबाला | (iv) | अग्निपंखी |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

27. "हम कौन थे, क्या हो गए हैं और क्या होंगे अभी आओ विचारें आज मिलकर ये समस्याएँ सभी।" पंक्तियाँ किस काव्य ग्रन्थ से उद्धृत की गई हैं?

(A) साकेत

(B) द्वापर

(C) पंचवटी

(D) भारत-भारती

28. स्थापना (Assertion) (A) :

"नया रचनाकार अनास्था, संत्रास, सडांध, आत्मनिर्वासन, विसंगति, विडंबना आदि की बात अब पहले की भांति नहीं करता।"

तर्क (Reason) (R) :

क्योंकि उसने अनास्था के अंधकार में रहना स्वीकार कर लिया है।

कूट :

(A) (A) सही, (R) गलत

(B) (A) गलत, (R) सही

(C) (A) और (R) दोनों गलत

(D) (A) और (R) दोनों सही

29. 'प्रकाशक' नामक बहुभाषी डेस्क प्रकाशन साफ्टवेयर का विकास किस कम्पनी ने किया है?

(A) सोनाटा कम्पनी

(B) ए टी ई कम्पनी

(C) वी.एस.एस.इंजी. प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी

(D) सॉफ्टेक कम्पनी

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह



Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

30. सहृदय के अंतकरण में जो मनोविकार वासना रूप में सदा विद्यमान रहते हैं तथा जिन्हें कोई भी अवरुद्ध भाव दबा नहीं सकता उसे कहते हैं :
(A) विभाव
(B) व्यभिचारी
(C) अनुभाव
(D) स्थायी भाव

31. 'दलित रचनाकारों का उद्देश्य जाति-पाँति को तोड़कर समरस समाज की रचना करना है, जिसमें प्रत्येक मनुष्य को मनुष्य समझा जाय' यह कथन किसका है ?
(A) जयप्रकाश कर्दम
(B) डॉ. प्रेम भटनागर
(C) महात्मा गाँधी
(D) गणेशमंत्री

32. आरोही क्रम में प्रकाशन वर्ष के क्रमानुसार निम्नलिखित रचनाओं का **सही** अनुक्रम है :
(a) एक कहानी यह भी
(b) मुर्दहिया
(c) अपहुदरी
**कूट :**
(A) (a), (c), (b)
(B) (a), (b), (c)
(C) (b), (a), (c)
(D) (c), (b), (a)

33. सबसे प्रथम चौपाई और दोहों की पद्धति का प्रयोग किसने किया ?
(A) शबरपा
(B) लुइपा
(C) कमरिपा
(D) सरहपा

34. 'आगरा बाज़ार' नाटक में किस शैली को महत्व दिया गया है ?
(A) लोक शैली
(B) पौराणिक शैली
(C) गाथा शैली
(D) रीति शैली

35. मार्क्सवादी साहित्य आलोचना की दृष्टि से महत्वपूर्ण निम्नांकित रचनाओं को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | नए साहित्य का सौंदर्यशास्त्र | (i) | प्रकाशचंद्र गुप्त |
| (b) | समकालीन मार्क्सवाद | (ii) | शिवकुमार मिश्र |
| (c) | मार्क्सवादी साहित्य चिंतन : इतिहास तथा सिद्धांत | (iii) | मुक्तिबोध |
| (d) | हिंदी साहित्य की जनवादी परम्परा | (iv) | विश्वम्भरनाथ उपाध्याय |
| | | (v) | रमेश चंद्र साहा |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (v) | (iii) | (i) |
| (B) | (iii) | (i) | (v) | (ii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

36. 'ठकुरी बाबा' का वर्णन किस रचना में है ?
(A) स्मृति की रेखाएँ
(B) अतीत के चलचित्र
(C) पथ के साथी
(D) क्षणदा

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247

GET IT ON Google Play

37. प्रेमचंद की किस कहानी संग्रह में 'दुनिया का सबसे अनमोल रतन' कहानी सर्वप्रथम छपी थी ?

(A) सप्त सरोज

(B) नवनिधि

(C) सोज़ेवतन

(D) लाल-फीता

38. "सतसैया के दोहरे ज्यों नाविक के तीर। देखन में छोटे लगैं घाव करैं गम्भीर" - किसके सन्दर्भ में कही गई है ?

(A) बिहारी

(B) घनानंद

(C) कबीर

(D) पद्माकर

39. श्रीलाल शुक्ल द्वारा रचित प्रथम उपन्यास है :

(A) सूनी घाटी का सूरज

(B) बिस्रामपुर का संत

(C) राग दरबारी

(D) सीमाएँ टूटती हैं

40. 'चंद्रदेव से मेरी बातें' कहानी की लेखिका हैं :

(A) राजेंद्र बाला घोष

(B) सुभद्रा कुमारी चौहान

(C) कृष्णा सोबती

(D) मन्नू भंडारी

41. प्रकाशन वर्ष के अनुसार निम्नलिखित कहानियों का सही अनुक्रम है :

(A) उसने कहा था, आकाश दीप, सिक्का बदल गया, परिंदे

(B) परिंदे, सिक्का बदल गया, आकाश दीप, उसने कहा था

(C) सिक्का बदल गया, परिंदे, उसने कहा था, आकाश दीप

(D) आकाश दीप, उसने कहा था, परिंदे, सिक्का बदल गया

42. चंद्रधर शर्मा गुलेरी द्वारा रचित कहानी है :

(A) पंडित और पंडितानी

(B) सुखमय जीवन

(C) प्रतिध्वनि

(D) राखीबंद भाई

43. निम्नलिखित निबंधकारों को उनके निबंधों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | जैनेन्द्र | (i) | युग और साहित्य |
| (b) | शांतिप्रिय द्विवेदी | (ii) | परम्परा का मूल्यांकन |
| (c) | राम वृक्ष बेनीपुरी | (iii) | साहित्य का श्रेय और प्रेय |
| (d) | डॉ. रामविलास शर्मा | (iv) | गेहूँ और गुलाब |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247 GET IT ON Google Play

44. निम्नलिखित रचनाओं का उनके सम्मुख दिए प्रकाशन वर्षानुसार **सही** अनुक्रम क्या है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | मेरी यात्रा | (i) | 1937 |
| (b) | मेरी लद्दाख यात्रा | (ii) | 1939 |
| (c) | किन्नर देश में | (iii) | 1948 |
| (d) | रूस में पच्चीस मास | (iv) | 1952 |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

45. 'साधरणीकरण विभाववादि का होता है, यह भावकत्व का परिणाम है' यह किस व्याख्याकार का कथन है?
(A) भट्टलोल्लट
(B) भट्टनायक
(C) रामचन्द्र शुक्ल
(D) डॉ. नगेन्द्र

46. काव्यशास्त्र में 'काव्यहेतु' की चर्चा में भामह के बाद किस आचार्य का नाम लिया जाता है?
(A) वामन
(B) दण्डी
(C) कालिदास
(D) वाल्मीकि

47. "अरे नरेन्द्र, बाबूजी की चारपाई कमरे से निकाल दे। उसमें चलने तक की जगह नहीं है।"
यह संवाद किस कहानी का है?
(A) वापसी
(B) दोपहर का भोजन
(C) पिता
(D) अपना अपना भाग्य

48. 'अंधायुग' गीति-नाट्य के संदर्भ में कौन सा कथन **असत्य** है?
(A) सशक्त आधुनिक त्रासदी है।
(B) यह तनावों का नाटक है।
(C) अंतर्द्वन्द्व को रूपायित करता है।
(D) मात्र पौराणिक कथा है।

49. 'आवारा मसीहा' किस प्रसिद्ध साहित्यकार की जीवनी है?
(A) शरतचंद्र
(B) प्रेमचंद
(C) विमल मित्र
(D) राहुल सांकृत्यायन

50. निम्नलिखित आत्मकथाओं को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | आज के अतीत | (i) | मैत्रेयी पुष्पा |
| (b) | मुड़मुड़ के देखता हूँ | (ii) | प्रभा खेतान |
| (c) | एक कहानी यह भी | (iii) | भीष्म साहनी |
| (d) | अन्या से अनन्या | (iv) | मन्नू भंडारी |
| | | (v) | राजेन्द्र यादव |

इनमें से **सही** विकल्प है :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (v) | (ii) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (v) |
| (C) | (iii) | (v) | (iv) | (ii) |
| (D) | (ii) | (iii) | (v) | (i) |

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247 GET IT ON Google Play

51. "तुम चली जाओगी तो फुलकारी कौन बनाएगा? साहब से तुम्हारे सामने ही फुलकारी देने का इकरार किया है।"

यह किस कहानी का संवाद है?

(A) चीफ की दावत
(B) बूढ़ी काकी
(C) गैंग्रीन
(D) तीसरी कसम

52. "निर्गुन कौन देस को वासी?
मधुकर हंसि समुझाय, सौंह दै बूझति सांच, न हांसि।"

भ्रमरगीत में उपर्युक्त संवाद कौन कह रहा है?

(A) राधा, उद्धव से
(B) यशोदा, कृष्ण से
(C) गोपियाँ, उद्धव से
(D) नंद, उद्धव से

53. "आपका बंटी" उपन्यास का कथानक किस विषय पर केन्द्रित है?

(A) विवाहेतर प्रेम संबंध
(B) तलाक शुदा माता-पिता की संतान की जटिल मानसिकता
(C) शिक्षित महिला समाज की सामाजिक विसंगति
(D) घरेलू हिंसा की शिकार महिला की समस्या

54. "धर्मार्थकाममोक्षेषु वैचक्षण्यं कलासु च।" किसकी पंक्ति है?

(A) भामह
(B) मम्मट
(C) भरत
(D) वामन

55. भारतेन्दु युगीन साहित्य को 'जनवादी' साहित्य किस आलोचक ने कहा?

(A) नंददुलारे वाजपेयी
(B) शिवदानसिंह चौहान
(C) डॉ. नगेन्द्र
(D) रामविलास शर्मा

56. निम्नलिखित काव्य पंक्तियों को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | अंदर बाहर धींगामुश्ती।<br>परमारथ में भारी सुस्ती। | (i) | दिनकर |
| (b) | मैं उनका आदर्श कहीं जो<br>व्यथा न खोल सकेंगें। | (ii) | धर्मवीर भारती |
| (c) | घास के रास्ते उस<br>बंसवट से इक<br>पीली सी चिड़िया | (iii) | गिरजा कुमार माथुर |
| (d) | काँप कर चलती समीर<br>हेमन्त की लम्बी लहर सी | (iv) | नागार्जुन |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (C) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247

GET IT ON Google Play

57. **स्थापना (Assertion) (A) :**
किसी भी मत के विषय में भारतीय मनीषा ने गड्डलिका-प्रवाह की नीति का अनुसरण नहीं किया है।

**तर्क (Reason) (R) :**
इसीलिए प्रत्येक बात में ऐसे बहुत से मत पाए जाते हैं जो परस्पर एक दूसरे के विरुद्ध पड़ते हैं।

**कूट :**
(A) **(A)** सही, **(R)** गलत
(B) **(A)** गलत, **(R)** सही
(C) **(A)** गलत, **(R)** गलत
(D) **(A)** सही, **(R)** सही

58. 'मानस का हंस' उपन्यास किस साहित्यकार के जीवन से संबद्ध है?
(A) सूरदास
(B) कबीरदास
(C) रविदास
(D) तुलसीदास

59. निम्नलिखित में से कौन-कौन सी कहानियाँ ग्रामीण जीवन से जुड़ी **नहीं** हैं?
(a) चीफ की दावत
(b) पूस की रात
(c) कस्बे का आदमी
(d) जॉर्ज पंचम की नाक

**सही विकल्प चुनिए :**
(A) (b), (c), (d)
(B) (a), (c), (d)
(C) (a), (b), (c)
(D) (a), (b), (d)

60. **स्थापना (A) :** काव्य में लोकमंगल की सिद्धावस्था और साधनावस्था दोनों समाहित रहती हैं।

**तर्क (R) :** क्योंकि काव्य का लक्ष्य समस्त लोक नहीं बल्कि शिष्ट जनों का ही बौद्धिक विकास है।

**सही** विकल्प चुनिए :
(A) **(A)** सही, **(R)** गलत
(B) **(A)** गलत, **(R)** सही
(C) **(A)** गलत, **(R)** गलत
(D) **(A)** सही, **(R)** सही

61. कुबेरनाथ राय ने अपने किस निबन्ध में कहा है - 'माँ, संस्कृत-साहित्य में कुक्कट का अधिक महत्व नहीं। परन्तु लोक-संस्कृति और लोक-जीवन में इसका स्थान पहले से ही है।
(A) अशोक के फूल
(B) कवि तेरा भोर आ गया
(C) त्रिशंकु
(D) प्रिया नीलकण्ठी

62. ''ऐसी परिस्थितियों से गुजरने वाले वातावरण में 'हकबट तथा सभी कमाएंगे, सभी खाएंगे' इतना ज्यादा मेरे दिल को छू गए थे कि मैं आने वाली सारी जिंदगी समाजवाद तथा सोवियत संघ का अंधभक्त बना रहा।''
उपर्युक्त कथन किस आत्म-कथा से संबंधित है?
(A) जूठन
(B) अछूत
(C) शिकंजे का दर्द
(D) इनमें से कोई नहीं

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह**

Adda247
GET IT ON Google Play

63. स्वाधीनता प्राप्ति से पूर्व पंजाब में पैदा हुए सांप्रदायिक तनाव और उससे जुड़ी क्रूरताओं का मार्मिक चित्रण किस उपन्यास में हुआ है ?
(A) जिंदगीनामा
(B) महाभोज
(C) तमस
(D) दादा कामरेड

64. 'एक और द्रोणाचार्य' का प्रकाशन वर्ष है :
(A) सन् 1977
(B) सन् 1978
(C) सन् 1982
(D) सन् 1983

65. निम्नलिखित रचनाओं में रामवृक्ष बेनीपुरी की रचनाएँ कौन सी हैं ? **सही** विकल्प का चयन कीजिए :
(a) माटी की मूरतें
(b) चिड़िया रैन बसेरा
(c) गेहूँ और गुलाब
(d) लाल तारा

**कूट :**
(A) (a), (c), (d)
(B) (a), (b), (c)
(C) (a), (b), (d)
(D) उपर्युक्त चारों सही

66. निम्नलिखित में अध्यापक पूर्ण सिंह रचित निबंध **नहीं है :**
(A) मजदूरी और प्रेम
(B) आचरण की सभ्यता
(C) बोध
(D) कन्यादान

67. 'लाला मदनमोहन का दीवानखाना' किस उपन्यास में वर्णित है ?
(A) वामा शिक्षक
(B) नूतन ब्रह्मचारी
(C) नि:सहाय हिंदू
(D) परीक्षा गुरु

68. "समर में अमर कर प्राण
गान गाये महा सिन्धु से
सिन्धु-नदी तीरवासी..."
किस कवि की पंक्तियाँ है ?
(A) सुमित्रानंदन पंत
(B) निराला
(C) महादेवी
(D) धूमिल

69. निम्नलिखित उपन्यासों को उनमें वर्णित गाँवों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | मैला आंचल | (i) | गंगौली |
| (b) | आधा गाँव | (ii) | बेलारी |
| (c) | राग दरबारी | (iii) | मेरीगंज |
| (d) | गोदान | (iv) | शिवपाल गंज |
| | | (v) | लमही |

**सही** विकल्प चुनिए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iv) | (v) | (ii) | (i) |

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह



Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

70. प्रियप्रवास का प्रकाशन वर्ष है :
(A) 1914 ई.
(B) 1918 ई.
(C) 1919 ई.
(D) 1915 ई.

71. संपूर्ण जैनागम कितने भागों में विभक्त है ?
(A) दो
(B) चार
(C) छः
(D) आठ

72. इनमें से कौन-सा नाटक लक्ष्मीनारायण लाल का **नहीं** है ?
(A) कोणार्क
(B) अंधा कुआँ
(C) रातरानी
(D) सूखा सरोवर

73. **स्थापना (Assertion) (A) :**
"मूर्खता मूर्ख को चाहे रुलाए पर दुनिया को हँसाती ही है।"
**तर्क (Reason) (R) :**
क्योंकि मूर्ख हास्य रस के बड़े प्राचीन आलंबन हैं।
**कूट :**
(A) **(A)** सही, **(R)** सही
(B) **(A)** गलत, **(R)** सही
(C) **(A)** और **(R)** दोनों गलत
(D) **(A)** सही, **(R)** गलत

74. निम्नलिखित कथनों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | हिंदी नवजागरण की परिकल्पना और उसके द्वारा सुझाए गए विकल्पों पर नए सिरे से विचार करने की जरूरत है। | (i) | राजकुमार |
| (b) | यह मान्यता तो बहुत पहले से प्रचलित रही है कि भारतेंदु के उदय के साथ हिंदी में एक नए युग का आरंभ हुआ, किंतु इस नए युग को 'नवजागरण' नाम देने का श्रेय डॉ. रामविलास शर्मा को है। | (ii) | नामवर सिंह |
| (c) | यहाँ पर पहला नवजागरण गौतम बुद्ध के आविर्भाव के साथ आया। बुद्ध ने पुरानी परंपराओं को तोड़कर मनुष्य मनुष्य के भेद को मिटाया। | (iii) | बच्चन सिंह |
| (d) | गदर, सन् 1857 का स्वाधीनता संग्राम हिंदी प्रदेश थे, नवजागरण की पहली मंजिल है। दूसरी मंजिल भारतेंदु हरिश्चन्द्र का युग है। | (iv) | रामविलास शर्मा |
| | | (v) | रामस्वरूप चतुर्वेदी |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (v) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (D) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247

GET IT ON Google Play

75. 'तुम सृष्टि की निष्ठुर महाशक्ति हो।'
पंत अपनी किस रचना में कहा है?
(A) प्रथम रश्मि
(B) परिवर्तन
(C) भारतमाता
(D) मौन-निमन्त्रण

76. उत्तर-आधुनिकवाद को साहित्य के क्षेत्र में विश्लेषित व विवेचित किसने किया?
(A) टॉलस्टॉय
(B) फेडरस
(C) जैक्सन देरिदा
(D) रोलाँबार्थ

77. आचार्य कुंतक की रचना कौन सी है?
(A) वक्रोक्तिजीवतम्
(B) साहित्यदर्पण
(C) अग्निपुराण
(D) काव्यालंकार

78. 'मुस्लिम नारी; जीवन और समस्याएँ' का वर्णन 'बाबल तेरा देस में' किया गया है उसके लेखक का नाम है :
(A) डॉ. इकबाल अली खाँ
(B) यज्ञदत्त शर्मा
(C) भगवानदास मोरवाल
(D) अब्दुल बिस्मिल्लाह

79. निम्नांकित रचनाकारों में सिद्ध साहित्य की रचनाएँ कौन-कौन सी हैं?
(a) दोहा कोश
(b) डोम्बि गीतिका
(c) दर्शन सार
(d) चार्यापद
(e) सबदी

कूट :
(A) (a), (b), (c)
(B) (b), (c), (d)
(C) (a), (b), (d)
(D) (a), (c), (e)

80. वह नारी के सामाजिक सम्मान की कट्टर समर्थिका है। पुरुष के अधिकारों के अनुचित प्रयोगों का वह सक्रिय विरोध करती है। वह शास्त्र को इसका कारण मानते हुये कहती है। "नारी हृदय जिसके मध्य बिन्दु से हटकर शास्त्र का एक मात्र कौल की तरह गड़ गया है और उसे अपने सरल प्रवर्तक चक्र में घूमने से रोक रहा है।
किससे संबंधित है?
(A) ध्रुवस्वामिनी
(B) विजया
(C) मन्दाकिनी
(D) कोमा

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह



Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

81. निम्नांकित में रामचंद्र शुक्ल के निबंधों वाले सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) साहित्यावलोकन
(b) साधारणीकरण और व्यक्ति वैचित्र्यवाद
(c) काव्य में लोकमंगल की साधनावस्था
(d) तुलसी का भक्तिमार्ग

**कूट :**

(A) (a), (c), (d)
(B) (a), (b), (c)
(C) (a), (b), (d)
(D) (b), (c), (d)

82. प्रकाशन वर्षानुसार विद्यानिवास मिश्र के निबंधों के संग्रह का **सही** अनुक्रम बताइए :

(A) मैंने सिल पहुँचाई, तमाल के झरोखे से, फागुन दुई रे दिना, परम्परा बंधन नहीं
(B) मैंने सिल पहुँचाई, परम्परा बंधन नहीं, तमाल के झरोखे से, फागुन दुई रे दिना
(C) मैंने सिल पहुँचाई, फागुन दुई रे दिना, तमाल के झरोखे से, परम्परा बंधन नहीं
(D) मैंने सिल पहुँचाई, फागुन दुई रे दिना, परम्परा बंधन नहीं, तमाल के झरोखे से

83. भ्रमरगीत परम्परा का मूल उद्‌गम स्थान भागवत का कौन-सा स्कन्ध है ?

(A) पंचम्
(B) दशम्
(C) अष्टम्
(D) तृतीय

84. निम्नलिखित कहानी संग्रह महिला कथाकारों द्वारा रचित हैं :

(a) यही सच है
(b) एक कोई दूसरा
(c) दीवाली
(d) दूसरा ताजमहल
(e) जयदोल

**कूट :**

(A) (a), (c), (e)
(B) (b), (c), (d)
(C) (a), (b), (d)
(D) (b), (d), (e)

85. 'लतिका' किस कहानी की मुख्य पात्र है ?

(A) दुलाईवाली
(B) राजा निरबंसिया
(C) निमंत्रण
(D) परिंदे

86. बौद्ध सिद्धों के पदों और दोहों को 'बौद्ध गान ओ दोहा' नाम किसने दिया ?

(A) हेम चन्द्राचार्य
(B) हरप्रसाद शास्त्री
(C) लक्ष्मीधर
(D) पुष्पदंत

87. किसी भी वस्तु की सर्जना हेतु कम से कम कितने प्रकार के कारणों की जरूरत है ?

(A) तीन
(B) एक
(C) दो
(D) चार

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247
GET IT ON Google Play

88. 'उलटबाँसी' से तात्पर्य है :
(A) मोक्षपरक उक्तियाँ
(B) ऐसा कथन जो बुद्धियुक्त हो
(C) ऐसा कथन जिसका अर्थ प्रकट अर्थ से उल्टा हो
(D) ऐसा कथन जो बुद्धियुक्त एवं स्वाभाविक हो

89. प्रकाशन वर्ष के अनुसार निम्नलिखित उपन्यासों का सही अनुक्रम है :
(A) मैला आंचल, राग दरबारी, तमस, कितने पाकिस्तान
(B) कितने पाकिस्तान, तमस, राग दरबारी, मैला आंचल
(C) राग दरबारी, मैला आंचल, कितने पाकिस्तान, तमस
(D) तमस, कितने पाकिस्तान, मैला आंचल, राग दरबारी

90. प्रतिभा के दो भेद 'कारयित्री' एवं 'भावयित्री' किस आचार्य ने किए ?
(A) विश्वनाथ
(B) राजशेखर
(C) मम्मट
(D) भोज

91. मानव का छोटे से छोटा व्यवहार भी सप्रयोजन होता है मानसिक जीवन में कुछ भी अकारण और निष्प्रयोजन नहीं होता। किस सिद्धान्त में कहा गया है ?
(A) निर्वैयक्तिकता सिद्धान्त
(B) मनोविश्लेषण सिद्धान्त
(C) अनुकरण सिद्धान्त
(D) भावोद्रेक सिद्धान्त

92. व्यंजनों के वर्गीकरण के कितने आधार हैं ?
(A) दो
(B) पाँच
(C) छः
(D) चार

93. निम्नलिखित उद्धरणों/कथनों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | 'अशोक के फूल' केवल एक फूल की कहानी नहीं, भारतीय संस्कृति का एक अध्याय है। | (i) | कुबेरनाथ राय |
| (b) | जातियाँ इस देश में अनेक आई हैं। लड़ती-झगड़ती भी रही हैं, फिर प्रेमपूर्वक बस भी गई हैं। | (ii) | हजारी प्रसाद द्विवेदी |
| (c) | मन कितना बँटा हुआ है, मनचाही और अनचाही दोनों तरह की हजार चीजों में। | (iii) | नामवर सिंह |
| (d) | लूट की इस बरसात में भी जिसके सिर पर कमबख्ती का छाता और आँखों में मूर्खता की पट्टी बँधी रहे उन पर ईश्वर का कोप ही कहना चाहिए। | (iv) | विद्यानिवास मिश्र |
| | | (v) | भारतेंदु हरिश्चन्द्र |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (ii) | (iv) | (v) |
| (B) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (C) | (i) | (iii) | (ii) | (v) |
| (D) | (v) | (i) | (iii) | (ii) |

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247
GET IT ON Google Play

94. 'आध्यात्मिक रंग के चश्मे आजकल बहुत सस्ते हो गए हैं। उन्हें चढ़ाकर जैसे कुछ लोगों ने 'गीत गोविन्द' के पदों को आध्यात्मिक संकेत बताया है, वैसे ही विद्यापति के इन पदों को भी।' – किसकी उक्ति है ?
(A) रामचन्द्र शुक्ल
(B) डॉ. नगेन्द्र
(C) डॉ. ग्रियर्सन
(D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

95. निम्नलिखित में से कौन-सा उपन्यास हजारीप्रसाद द्विवेदी द्वारा रचित **नहीं** है ?
(A) बाणभट्ट की आत्मकथा
(B) अनामदास का पोथा
(C) एकदा नैमिषारण्ये
(D) चारु चंद्रलेख

96. **स्थापना (Assertion) (A) :**
वर्ग-विभाजित समाज में व्यक्ति का मन भी विभाजित होता है, चाहे वह इसे स्वीकार करे या न करे।
**तर्क (Reason) (R) :**
समाज वर्ग में विभाजित होगा तो व्यक्ति की चिंतन प्रक्रिया में उस विभाजन के बीज सदा पलते रहेंगे और मन के स्तर पर उसका विभाजन अवश्यम्भावी है।
**कूट :**
(A) **(A)** सही, **(R)** गलत
(B) **(A)** गलत, **(R)** सही
(C) **(A)** सही, **(R)** सही
(D) **(A)** गलत, **(R)** गलत

97. किस रचना को विरहानुभूति का एक उत्कृष्ट खंडकाव्य माना जाता है ?
(A) आँसू
(B) गीतफरोश
(C) मैं नीरभरी दु:ख की बदली
(D) प्रियप्रवास

98. निम्नलिखित कहानियों को उनसे संबद्ध पात्रों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | ठेस | (i) | चंपा |
| (b) | नमक का दारोगा | (ii) | सिरचन |
| (c) | आकाश दीप | (iii) | वंशीधर |
| (d) | दुलाईवाली | (iv) | आलोपीदीन |
| | | (v) | अलगू |

**सही विकल्प चुनिए :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (C) | (iii) | (iv) | (v) | (i) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

99. प्रकाशन वर्षानुसार हरिवंश राय बच्चन की रचनाओं का सही क्रम है :
(a) नीड़ का निर्माण फिर
(b) क्या भूलूँ क्या याद करुँ
(c) बसेरे से दूर
(d) दशद्वार से सोपान तक
**कूट :**
(A) (a), (b), (c), (d)
(B) (b), (c), (d), (a)
(C) (b), (a), (c), (d)
(D) (a), (c), (b), (d)

100. निम्नांकित में कृष्ण चंदर की रचना **नहीं** है :
(A) रेत का महल
(B) सफेद फूल
(C) कागज की नाव
(D) अन्नदाता

- o O o -

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह**

Adda247
GET IT ON Google Play

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247

Test Prime By Adda247

# Previous Year Papers PDF

**PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!**


PDF

## Free 25,000+ PDF's

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly

## ATTEMPT AS MOCK

Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.




- Topic-wise & Exam-wise PDFs
- Download & Study Offline
- Attempt as Mock & Track Score
- Smart Analysis & Performance

**AVAILABLE IN**

Banking | SSC | Railway | Teaching | UGC | Agriculture | Nursing

Bihar | UP | Punjab | WB | Odisha | TN | AP & Telangana | Haryana

**DOWNLOAD THE APP**

Adda247

SEAL

GET IT ON Google Play

# SET - A

उत्तर अंकित करने का समय : 2 घंटे
Time for marking answers : 2 Hours

अधिकतम अंक : 200
Maximum Marks : 200

**नोट :**

1. इस प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न है – प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. प्रश्नों के उत्तर, दी गई **OMR** उत्तर-शीट (आंसर-शीट) पर अंकित कीजिए।
3. ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं किया जावेगा।
4. किसी भी तरह के कैलकुलेटर या लॉग टेबल एवं मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित है।
5. **OMR** उत्तर-शीट (आंसर-शीट) का प्रयोग करते समय ऐसी कोई असावधानी न करें/बरतें जिससे यह फट जाये या उसमें मोड़ या सिलवट आदि पड़ जाये जिसके फलस्वरूप वह खराब हो जाये।

SEAL

**Note :**

1. There are **100** objective type questions in this booklet. All questions are compulsory and carry **two** marks each.
2. Indicate your answers on the **OMR** Answer-Sheet provided.
3. No negative marking will be done.
4. Use of any type of calculator or log table and mobile phone is prohibited.
5. While using **OMR** Answer-Sheet care should be taken so that the Answer-Sheet does not get torn or spoiled due to folds and wrinkles.

Adda247



SEAL